Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ भरतपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नर्सिंग ऑफिसर 1,000/– रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 20 अगस्त, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी भरतपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हलैना में पदस्थापित मुरारीलाल मीना, नर्सिंग ऑफिसर ग्रेड–II** को परिवादी से **1,000/– रुपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कि ए.सी.बी. चौकी भरतपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि आरोपी मुरारीलाल मीना द्वारा उसके बेरोजगारी भत्ते की उपस्थिति करने एवं उपस्थिति को ऑनलाइन करने की एवज में 500/– रुपये प्रतिमाह के हिसाब से चार माह के 2,000/– रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर ए.सी.बी. के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री ओमप्रकाश मीणा** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी भरतपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** के निर्देशन में **पुलिस निरीक्षक श्री महेन्द्र सिंह** के नेतृत्व में रिश्वत राशि मांग का सत्यापन दिनांक 19.08.2026 को करवाया गया। सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा 1,500/– रुपये रिश्वत राशि लेने पर सहमति जताते हुए 500/– रुपये रिश्वत राशि प्राप्त की गई।

मांग की पुष्टि के उपरांत आज दिनांक 20.08.2026 को ट्रैप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री मुरारीलाल मीना, नर्सिंग ऑफिसर ग्रेड–II सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हलैना को परिवादी से शेष 1,000/– रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

आरोपी से पूछताछ एवं अग्रिम कार्यवाही जारी है। ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।